आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.02.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस में ए आई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लिया, कहा–ए आई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और हमारे समाज को नया आकार दे रहा है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए चार–स्तरीय रणनीति अपना रही है।
- पांचवां वित्त आयोग ने आज शहीद द्वीप में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकासीय मुद्दों पर चर्चा की।
- डिगलीपुर में मधुमक्खी पालन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फ्रांस के पेरिस में ए आई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लिया। भारत इस सम्मेलन की सह–अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित करना और उत्तरदायित्वपूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ए आई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और हमारे समाज को नया आकार दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रगति पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारत ने बहुत कम लागत पर करोड़ों लोगों के लिए सफलतापूर्वक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण किया है।

प्रधानमंत्री आज शाम पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करेंगे। इस वार्ता का उद्देश्य भारत और फ्रांस के संबंधों को और मजबूत करना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए चार–स्तरीय रणनीति अपना रही है, जिसमें समन्वय, संचार और क्षमता वृद्धि शामिल है। आज नई दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर

जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से इस बारे में जारी हेल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य को अधिक से अधिक प्रचारित करने का अनुरोध किया। गृह मंत्री ने बताया कि अपराधियों के खातों की पहचान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के प्रयास चल रहे हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने आई एस ई ए परियोजना के तहत सी–डैक के सहयोग से आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। "एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए" थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित ऑनलाइन प्रैक्टिस, साइबर स्वच्छता और डिजिटल खतरों से सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय और छोलदारी में आयोजित कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी की रोकथाम, इंटरनेट उपयोग और प्रभावी डिजिटल सुरक्षा उपायों जैसे आवश्यक विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में पांच दिवसीय दौरे पर आए वित्त आयोग ने आज शहीद द्वीप में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक की। पाचवां वित्त आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में जल–जीवन मिशन और पीएम अन्न योजना के बारे में चर्चा की गई। प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास ने बताया कि बैठक में क्षेत्र के विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई और क्षेत्र की समस्याओं का जल्द से जल्द से समाधान करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान आयोग ने स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी दौरा किया।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय कृषि कार्यालय, डिगलीपुर में 'वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन – कृषि में मधुमक्खियों की भूमिका और इसका अर्थशास्त्र' विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिगलीपुर के सहायक आयुक्त वसंत प्रसाद दाभोलकर मुख्य अतिथि थे। पंचायत समिति प्रमुख दीपांकर मिस्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि द्वीपों में प्रचुर मात्रा में वन क्षेत्र और अनुकूल जलवायु परिस्थितियों के कारण अन्वेषण की काफी संभावनाएं हैं। संयुक्त निदेशक, कृषि शिर्ली थॉमस ने एनएचएम योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मधुमक्खी पालन के लिए एम आई डी एच के तहत परागण सहायता, जिसके तहत लाभार्थी को प्रति मधुमक्खी छत्ता बॉक्स आठ सौ

रुपये और प्रति मधुमक्खी कॉलोनी आठ सौ रुपये की सब्सिडी दी जाती है। कृषि सहायक निदेशक आरती सिंह ने कृषि क्षेत्र में मधुमक्खी पालन के महत्व पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक सत्रह फरवरी से तीन मार्च तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिरूद्ध रॉय और न्यायमूर्ति बिभास रंजन डे मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केन्द्र की ओर से कल ''राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान'' विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। उप निदेशक –कुष्ठ रोग डॉ. बी. अजीत कुमार विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा में जंग लगे बिजली के खंभों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण गाराचरमा और डॉलीगंज फीडर से कल और पन्द्रह तारीख को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा, डॉलीगंज और मिनी बे के कुछ भाग शामिल हैं। कटौती सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक रहेगी।

<><><><><><><>